**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य मंत्रालय**
**कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण**
**(तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई. बिल्डिंग, 3 सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग, खेल गांव के सामने नई दिल्ली)**

**एफ.सं.: PAD-2023-24-000091** **दिनाँक: 23.10.2025**

**विषय: एपीडा में सहायकों की नियुक्ति (अनुबंध के आधार पर)।**

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) एक स्वायत्त संगठन है, जो वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्य करता है। इस प्राधिकरण का मुख्य दायित्व भारत से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना है। एपीडा कृषि व्यापार सुविधा में सक्रिय रूप से संलग्न है और भारतीय कृषि उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार पहुँच को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रहा है। इस प्रक्रिया के तहत उत्पादों की गुणवत्ता सुधारना और उनकी भंडारण अवधि को बढ़ाना शामिल है, जिससे भारतीय कृषि उत्पादों के गुणवत्तापूर्ण निर्यात में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता (एसपीएस) तथा तकनीकी व्यापार अवरोध (टीबीटी) जैसे मुद्दों का समाधान भी आवश्यक है, क्योंकि ये समस्याएं वर्तमान में बाजार पहुँच को सीमित कर रही हैं और निर्यात में बाधा उत्पन्न कर रही हैं। एपीडा ऐसे योग्य, नवाचारी और ऊर्जावान पेशेवरों को अनुबंध के आधार पर 'सहायक' के पद पर नियुक्त करना चाहता है।

2. **प्रकार एवं अनुबंध की अवधि**

2.1 यह नियुक्ति सहायक स्तर पर (अनुबंध पर) होगी।

2.2 **कार्य क्षेत्र:** चयनित अभ्यर्थी को एपीडा द्वारा प्रतिनियुक्त किया जाएगा, जो सम्बन्धित केन्द्रीय/राज्य विभागों/एजेंसियों के साथ समन्वय कर निम्नलिखित कार्यों को सुनिश्चित करने हेतु समर्पित रूप से कार्य करेगा।

2.2.1 बाज़ार का विश्लेषण करना, विशिष्ट फसलों के बाज़ारों की पहचान करना, नए निर्यात बाज़ारों का अन्वेषण करना, पारम्परिक बाज़ारों में हिस्सेदारी बढ़ाना तथा भारत के अंदर एवं बाहर उत्पाद प्रचार को सुनिश्चित करना।

2.2.2 अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में निर्यात संभावनाओं वाले विभिन्न कृषि उत्पादों की पहचान करना।

2.2.3 राज्य की क्षमता का उपयोग करते हुए मूल्य संवर्धित, जैविक एवं पारंपरिक उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना तथा भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों को बाज़ार उपलब्ध कराना।

2.2.4 निर्यात गुणवत्ता वाले उत्पादों (खेती एवं प्रसंस्करण इकाइयों में) के उत्पादन को प्रोत्साहित करना ताकि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

2.2.5 क्षेत्र से ताज़ा एवं मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु बैकएंड और फ्रंटएंड बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाना।

2.2.6 राज्य से निर्यात वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु संस्थागत तंत्र की स्थापना करना।

2.2.7 क्षेत्र से कृषि एवं संबद्ध उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करना।

**3.1 अर्हताएं:**

| पद | नियुक्ति का स्थान | रिक्त पद | प्रभाग | शैक्षणिक अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|
| सहायक | नई दिल्ली | 1* | गुणवत्ता | **अनिवार्य अर्हता:**<br><br>(i) कृषि/उद्यान/ खाद्य विज्ञान/ जैविक विज्ञान/ खाद्य प्रौद्योगिकी/ रसायन विज्ञान या जैवरसायन विज्ञान या सूक्ष्मजीव विज्ञान या डेयरी रसायन विज्ञान या खाद्य और पोषण या किसी अन्य समकक्ष योग्यता जिसमें केंद्रीय सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए मान्यता और अधिसूचना दी गई हो, में स्नातकोत्तर डिग्री।<br><br>(ii) खाद्य विश्लेषण, गुणवत्ता प्रबंधन, और प्रयोगशाला प्रबंधन के क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।<br><br>**वांछित**:<br><br>कृषि उत्पादों के लिए अधिकतम अवशेष स्तर (एमआरएल) के विश्लेषण, कोडेक्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन आदि का अनुभव। |
| | अहमदाबाद | 1* | कृषि-व्यवसाय | **अनिवार्य**:<br><br>(i) कृषि व्यवसाय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा / कृषि व्यवसाय प्रबंधन / लोक नीति में स्नातकोत्तर उपाधि।<br><br>(ii) कृषि व्यवसाय / लोक नीति के क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव।<br><br>**वांछित**: |
| | विशाखापट्टनम | 1* | | |

